TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*


# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

Saturday


## 11 मई

1. **राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस–** प्रतिवर्ष 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में वर्ष 1999 से मनाया जाता है। इसका मुख्य कारण है कि इसी दिन 1998 में भारतीय सेना ने पोखरण परमाणु परीक्षण किया था। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न देश घोषित किया था। परमाणु शक्ति सम्पन्न बनने वाला भारत छठा देश था। दूसरा इसी दिन 1998 ई. को ही पहले स्वदेशी एयरक्राफ्ट 'हंसा 3' का परीक्षण बेंगलुरू में किया गया। तीसरा इसी दिन त्रिशूल मिसाइल का भी निर्माण हुआ था।
2. **विश्व प्रवासी पक्षी दिवस–** प्रतिवर्ष 11 मई और 12 अक्टूबर को विश्व प्रवासी पक्षी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रवासी पक्षियों के आवासों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। इस दिवस को मनाने की शुरूआत वर्ष 2006 में शुरू हुआ था।
3. **दिल्ली में विद्रोह का प्रारंभ–** 11 मई, 1857 ई. को विद्रोह की शुरूआत हुई थी। 12 मई, 1857 को विद्रोहियों ने दिल्ली पर अधिकार कर लिया गया। इस दौरान अंग्रेज अधिकारी कर्नल रिप्ले मारा गया और लेफ्टिनेंट विलोबी जो दिल्ली शस्त्रागार का कार्यवाहक था, पराजित हुआ। दिल्ली विजय की समाचार पूरे देश में आग की भांति फैल गई।



मधु प्रिया


# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को लेकर 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। 1998 में इसी दिन पोखरण (राजस्थान) में सफल परमाणु परीक्षण करने के बाद भारत परमाणु क्लब में शामिल होने वाला छठा देश बना था।11 मई 1998 को आयोजित पोखरण परमाणु परीक्षण शक्ति की वर्षगांठ को याद करने के लिए हर वर्ष 11 मई को पूरे भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है।हर वर्ष 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस देश भर में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसकी शुरुआत भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा की गयी थी, जिसके बाद यह दिवस पहली बार 11 मई 1999 को मनाया गया था यह दिन देश के परमाणु संपन्न होने के गर्व का प्रतीक है तथा ये हमें भारत की तकनीकी उपलब्धियों की भी याद दिलाता है। आज भारत ने टेक्नोलोजी जगत में अपना अलग ही मुकाम बना लिया है। भारत के पास आज अत्याधुनिक हथियार और परमाणु ताकत है, जो भारत को शक्तिशाली देशों में से एक बनाता है। नेशनल टेक्नोलॉजी डे एक ख़ास Theme (विषय) के साथ मनाया जाता है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 की थीम की घोषणा अभी बाकी है। आम तौर पर, विषय विज्ञान और प्रौद्योगिकी अवधारणाओं की खोज के इर्द-गिर्द घूमता है। पिछले साल, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2022 की थीम "एक स्थायी भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण" थी। इस साल की थीम इसी तर्ज पर होने की उम्मीद है।

# जयंती विशेष 11 मई

राकेश कुमार




**सआदत हसन मंटो** *Saadat Hasan Manto*, जन्म:11 मई, 1912, समराला, पंजाब; मृत्यु: 18 जनवरी, 1955, लाहौर) कहानीकार और लेखक थे। मंटो फ़िल्म और रेडियो पटकथा लेखक और पत्रकार भी थे। मंटो की कहानियों की बीते दशक में जितनी चर्चा हुई है, उतनी शायद उर्दू और हिन्दी और शायद दुनिया के दूसरी भाषाओं के कहानीकारों की कम ही हुई है। आंतोन चेखव के बाद मंटो ही थे, जिन्होंने अपनी कहानियों के दम पर अपनी जगह बना ली।

राकेश कुमार

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 11.05.2024

## क्रिया काल

क्रिया काल से तात्पर्य है कि वाक्य में क्रिया कब घटित होती है - चाहे वह अतीत में हुई हो, वर्तमान में हो रही हो, या भविष्य में घटित होगी। अधिकांश क्रियाएँ भूत, वर्तमान या भविष्य काल लेती हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



राजस्थान के **बीकानेर** में **पद्मस्मारक** नाम की ऐसी अनोखी इमारत है जिसके कोने कोने में **सूरज की रोशनी** आती है। स्विट्जरलैंड के **ग्रीन हाउस** की तर्ज पर इसे **डिजाइन** किया गया है, जिसमें बच्चों के लिए **मुफ्त शिक्षा** का इंतजाम है।

# TOB बूझो तो जानें. .



399

ऐसा कौन सा ड्राइवर है, जिसे लाइसेंस की जरूरत नहीं होती .... बुझो तो जानें ?






संजय कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 383

यदि दो ट्रेन एक दूसरे के विपरीत दिशा में गतिशील हो तो ट्रेनों की सापेक्ष चाल क्या होगी ?

A. सापेक्ष चाल बढ़ जाएगी।

B. सापेक्ष चाल घट जाएगी।

C. सापेक्ष चाल शून्य होगा।

D.सापेक्ष चाल ऋणात्मक हैं।



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: A

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## शारीरिक शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा हेतु

## 100 प्रश्नों की शृंखला

**10.05.2024 से शुरू**

टीचर्स ऑफ बिहार का एक प्रयास अपने शिक्षकों के लिए

11. भारतीय बैडमिंटन के लिए 'विश्व चैंपियनशिप' में पदक जीतने वाले पहले भारतीय – प्रकाश पादुकोण (1983 में कांस्य पदक)
12. 'थॉमस कप' किस खेल से संबंधित है? – बैडमिंटन
13. बैडमिंटन की महिला एकल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल करने वाली भारत की पहली खिलाड़ी – साइना नेहवाल
14. भारत की पहली महिला बैडमिंटन खिलाड़ी 'अपर्णा पोपट' ने कौन-सा खिताब जीता है ? – फ्रेंच ओपन बैडमिंटन का
15. कैरम के लिए पहली बार अर्जुन पुरस्कार किसे प्रदान किया गया? – एंथनी मारिया इरुपायम को
16. 'ईरानी ट्रॉफी' का संबंध किस खेल से है? – क्रिकेट से (ईरानी ट्रॉफी भारत की एक घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता है)
17. टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले विश्व के तीसरे गेंदबाज कौन हैं? – अनिल कुंबले (अब तक 4 गेंदबाजों ने टेस्ट में 600 विकेट लिए हैं – श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800), ऑस्ट्रेलियाई शेन वॉर्न (708), भारत के अनिल कुंबले (619) और इंग्लैंड के जेम्स माइकल एंडरसन (675))
18. 'ओवल स्टेडियम' (केनिंग्टन, लंदन) किस खेल से संबंधित है? – क्रिकेट से
19. किस पत्रिका को 'क्रिकेट का बाइबिल' कहा जाता है? – विजडन (विज्डन, युनाइटेड किंगडम में प्रतिवर्ष प्रकाशित)
20. कोलिन काउड्रे किस देश के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी थे? – इंग्लैंड

चित्त की वृत्तियों को चंचल होने से रोकना (चित्तवृत्तिनिरोधः) ही योग है। - **महर्षि पतंजलि**

प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना, कोरियोग्राफर, प्रशिक्षक, पद्म भूषण से सम्मानित

# मृणालिनी साराभाई

जी की जयंती पर सादर नमन।



जन्म- 11 मई 1918-मृत्यु- 21 जनवरी 2016

Madhu priya

/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
National Technology Day
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



भारत की पहली महिला पायलट एवं
भोपाल रियासत की राजकुमारी

# आबिदा सुल्तान

जी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म-28 अगस्त 1913
मृत्यु -11 मई 2002

Madhu priya

/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



## कहानीकार, फिल्म एवं रेडियो पटकथा लेखक और पत्रकार

# सआदत हसन मंटो

जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 11 मई 1912 - मृत्यु-18 जनवरी 1955

Madhu priya

11 मई 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अपनी जिंदगी में सभी को अहमियत दो जो
अच्छे होंगे खुशी देंगे जो बुरे होंगे वो सबक देंगे।

**एपीजे अब्दुल कलाम**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org